पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने नगर निगम, लखनऊ द्वारा आयोजित 'सेवा कुम्भ' समारोह में ऑनलाइन प्रतिभाग किया

शहर को साफ–सुथरा रखना एक दायित्व है

कोरोना काल में जान–जोखिम में डालकर सफाई कार्य करना प्रेरणा दायक है

महापौर का दायित्व है कि शहर के निवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराएं

गोमती नदी में जल की सफाई हेतु लगे ट्रीटमेंट प्लांट को आकस्मिक निरीक्षण से चेक किया जाना चाहिए

गोमती को स्वच्छ रखने के प्रस्तावों पर भी विचार हो

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

———————

लखनऊः 19 अक्टूबर, 2022

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन स्थित प्रज्ञाकक्ष से ऑनलाइन जुड़कर नगर निगम, लखनऊ द्वारा सेवा संकल्प दिवस के अवसर पर आयोजित ''सेवाकुम्भ'' समारोह को बतौर अध्यक्ष सम्बोधित किया। नगर निगम द्वारा झूलेलाल पार्क में यह आयोजन स्वच्छता कर्मियों एवं उनके परिवार के सदस्यों के अभिनंदन तथा उनके लिए विविध हितकारी योजनाओं के शुभारम्भ हेतु किया गया। अपने सम्बोधन में राज्यपाल जी ने कहा कि शहर को साफ सुथरा रखना एक दायित्व है, जिसे हमारे सेवाधर्मी स्वच्छता कर्मी पूरा करते हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब हर कोई घर से बाहर निकलने में भय महसूस कर रहा था, उस समय सफाई कर्मियों द्वारा जान जोखिम में डालकर सफाई करना

प्रेरणादायक है। उन्होंने स्वच्छता कर्मियों को स्वच्छता सेवाधर्मी योद्धा बताते हुए उनके कार्य को अभिनन्दनीय बताया और बधाई दी।

इसी क्रम में राज्यपाल जी ने शहर वासियों के लिए शुद्ध पेयजल की उपलब्धता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि नगर के महापौर का दायित्व है कि शहर के निवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराएं। उन्होंने चर्चा क्रम में कहा कि अपने भ्रमण के दौरान उन्हें अक्सर गोमती नदी में गंदगी दिखाई दी है। गोमती नदी में जल की सफाई के लिए जो ट्रीटमेंट प्लांट लगाए गए हैं वे काम कर रहे हैं या नहीं इसे आकस्मिक निरीक्षण कर प्रायः चेक किया जाना चाहिए। राज्यपाल जी ने सम्बोधन में नगर निगम द्वारा पूर्व में आयोजित एक अन्य समारोह का उल्लेख भी किया गया, जिसमें गोमती को स्वच्छ रखने के विविध प्रस्ताव और सुझाव दिए गए थे। उन्होंने कहा कि नदी को स्वच्छ रखने के लिए उन सुझावों पर विचार किया जा सकता है।

इस अवसर पर समारोह में नगर निगम के अवकाश प्राप्त सफाई कर्मियों को सम्मानित करने के साथ–साथ उन्हें विविध हितकारी योजनाओं का लाभ भी दिया गया।

समारोह में विधानसभा अध्यक्ष श्री सतीश महाना, उपमुख्यमंत्री श्री बृजेशपाठक, महापौर सुश्री संयुक्ता भाटिया द्वारा विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम में जनपद लखनऊ के जिलाधिकारी जनप्रतिनिधिगण, तथा सफाई कर्मी उपस्थित थे।

––––––

डॉ सीमा गुप्ता,
राजभवन सम्पर्क सूत्र–8318116361